# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सरधना (मेरठ)

पत्रांक :–1078/न0पा0परि0–स0/बो0बै0का0कार्यवृत्त/2025–26 दिनांक :– 11.11.2025

सेवा में,

**आयुक्त महोदय**
मेरठ मण्डल, मेरठ।

**द्वारा :-- जिला मजिस्ट्रेट**
मेरठ।

**विषय :– नगर पालिका परिषद सरधना (मेरठ) की आहूत बोर्ड बैठक दिनांक 18.10.2025 के द्वारा पारित संकल्प की सूचना संबंधी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि पालिका पत्रांक 46 दिनांक 18.10.2025 द्वारा इस निकाय में दिनांक 18.10.2025 को पालिका सभागार में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरधना द्वारा बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए एजेण्डा प्रेषित किया गया था **(संलग्न आहूत बोर्ड बैठक का एजेण्डा सूचना)।**

तद्‌नुसार बोर्ड द्वारा दिनांक 18.10.2025 को बोर्ड बैठक में एजेण्डा बिन्दुओं के सापेक्ष पारित संकल्प प्रस्ताव आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Shahilu
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय निदेशालय, सेक्टर–7 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मेरठ।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
4. प्रधान लिपिक को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त बोर्ड बैठक के पारित संकल्प की प्रति पालिका के सूचना पट पर चस्पा व पालिका की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with OKEN Scanner

आज दिनांक 18.10.2025 को दोपहर 02:30 बजे नगर पालिका परिषद सरधना के सभागार में श्रीमती सबीला बेगम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सरधना की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नवत् उपस्थिति रही–

| | | |
|---|---|---|
| | श्रीमती सबीला बेगम, | अध्यक्ष, |
| 1 | श्रीमती अंजली | सदस्य, |
| 2 | श्री वीर सिंह भाटी | सदस्य, |
| 3 | श्रीमती कविता | सदस्य, |
| 4 | श्री मुकेश | सदस्य, |
| 5 | श्रीमति तनिका जैन | सदस्य, |
| 6 | श्रीमती शगुफ्ता | सदस्य, |
| 7 | श्री संजय कुमार | सदस्य, |
| 8 | श्री शानू जैन | सदस्य, |
| 9 | श्रीमती नेहा जैन उर्फ नेहा टाली | सदस्य, |
| 10 | श्री राहुल | सदस्य, |
| 11 | श्री शकील | सदस्य, |
| 12 | श्रीमती दानिस्ता | सदस्य, |
| 13 | श्री शहजाद | सदस्य, |
| 14 | श्री शाहिद | सदस्य, |
| 15 | श्रीमती समीना | सदस्य, |
| 16 | श्री मोहम्मद खालिद | सदस्य, |
| 17 | श्रीमती राहत परवीन | सदस्य, |
| 18 | श्री फरमान | सदस्य, |
| 19 | श्री सलीम | सदस्य, |
| 20 | श्री मन्नान | सदस्य, |
| 21 | श्री आशीष त्यागी | सदस्य, |
| 22 | श्री तारिक हसन | सदस्य, |

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 1 :–**<br>गत बैठक की पुष्टि | सदन के समक्ष गत बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी । इसके अतिरिक्त श्री फरमान सदस्य द्वारा गत बोर्ड बैठक दिनांक 15.09.2025 के प्रस्ताव संख्या 7(14) में श्रीमति कविता सदस्य द्वारा सीमा क्षेत्र से बाहर कार्य कराने हेतु दिये गये प्रस्ताव पर आपत्ति करते हुए कहा गया कि यदि जनहित का कोई कार्य पालिका द्वारा सीमा क्षेत्र से लगे क्षेत्रों में अथवा सीमा क्षेत्र से बाहर कोई कार्य करा दिया जाता है तो सीमा क्षेत्र से बाहर कार्य करने पर शिकायत भी उक्त सदस्य द्वारा ही की जाती है ऐसी स्थिति में उक्त प्रस्ताव पर संबंधित द्वारा आपत्ति अंकित करते हुए संबंधित सदस्य द्वारा सीमा क्षेत्र से बाहर कार्य कराने हेतु दिये गये प्रस्ताव पर कोई कार्यवाही न की जाये। |
| **प्रस्ताव संख्या 2 :–**<br>कृपाओं की माता मरियम उत्सव 2025 के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन में कृपाओ की माता मरियम उत्सव 2025 के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं पर चर्चा की गयी, जिसमें चर्चा के उपरान्त फड़ भूमि आवंटन व पार्किंग हेतु गत वर्ष की भॉति ही ठेके नालामी की कार्यवाही की जाये तथा गत वर्ष की भॉति ही निर्धारित दरों को ठेके की शर्तो में शामिल करते हुए ठेके की कार्यवाही कराने पर सहमति बनी, सदन में चर्च के |

Shahid B.

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | सामने छावनी की ओर जाने वाले रास्ते को खाली रखा जाये तथा तहसील तिराहे से चर्च गेट चर्च की दीवार के सहारे गत वर्ष की भॉति दुकान का आवंटन संबंधित ठेकेदार के माध्यम से न कराया जाये का निर्णय लिया गया तथा चर्च मे गत वर्ष की भांति प्रकाश व्यवस्था, साउण्ड व्यवस्था, मेला क्षेत्र में सी0सी0टी0वी0 कैमरा व्यवस्था, मेले में टैन्टेज व्यवस्था, मेले में विभिन्न प्रकार के दिशा सूचक हेतु फलैक्स, विधुत साज–सज्जा आदि व्यवस्था गत वर्ष की भॉति कराये जाने का निर्णय लिया गया तथा मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं की देख–रेख करने हेतु अध्यक्ष महोदय के दिशा निर्देशानुसार सदस्यों की एक समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया तथा साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि चर्च परिसर के अन्दर यदि पालिका द्वारा अपने संसाधनों से सफाई कराते हुए कूड़ा आदि उठाया जाता है तो चर्च प्रबंधक से उस के बदले यूजर चार्ज वसूलने का भी निर्णण लिया गया। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 3 :–**<br>नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तथा स्वच्छता उपविधि के अन्तर्गत यूजर चार्ज निर्धारित करते हुए उपविधि तैयार करने पर विचार एंव आदेश बोर्ड। | सदन में चर्चा उपरांत नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तथा स्वच्छता उपविधि के अन्तर्गत केवल खुले में कूडा आदि डालने पर जुर्माना निर्धारित कर जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया गया किन्तु यूजर चार्ज निर्धारण हेतु सहमति न देते हुए केवल जुर्माना निर्धारण करने के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया । |
| **प्रस्ताव संख्या 4**<br>अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से | |
| **प्रस्ताव संख्या 4 (1) :–**<br>नगर में विभिन्न स्थानों पर पुलियों व सड़कों के निर्माण हेतु विचार एवं आदेश बोर्ड। | सदन में मौहल्ला छावनी में नंगला रोड पर बैजू घोसी के बराबर में पुलिया व सड़कों में गडढे आदि के निर्माण के संबंध में चर्चा हुई। चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर में क्षतिग्रस्त पुलियों व सड़कों में हुए गडढों को भरने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाये। उक्तानुसार कार्यवाही के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को अधिकृत किया गया। |

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्त की गयी।

Shalila
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
सरधना (मेरठ)

Scanned with OKEN Scanner